दिन— शुक्रवार | दिनांक— 03 / 07 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 07.30 बजे से। | अवधिः— 15 मिनट

---

01. पंचायती राज मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में राज्यों के पंचायती राज मंत्रियों की राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों पर हुई चर्चा।

02. राज्य में बारह ग्रीनफील्ड सेटेलाईट टाउनशिप के विकास के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग और हडको के बीच समझौता। एक लाख करोड़ रूपये के वित्त पोषण के एमओयू पर हुये हस्ताक्षर।

03. प्रदेश में उनतीस औद्योगिक परियोजनाओं को मिली स्वीकृति। छह हजार करोड़ रूपये का होगा निवेश।

04. और, राज्य सरकार पर्यटन स्थलों पर जीविका समूहों और किसानों के उत्पादों की बिक्री के लिए आधुनिक हाट—बाजार विकसित करेगी।

---

पंचायती राज मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में राज्यों के पंचायती राज मंत्रियों की एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। इसमें सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों पर विचार—विमर्श किया गया। कार्यशाला में अठारह राज्यों के पंचायती राज मंत्रियों ने भाग लिया। मंत्रालय ने बताया कि सोलहवें वित्त आयोग ने ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए चार लाख पैंतीस हजार दो सौ छत्तीस करोड़ रुपये की अनुशंसा की है। पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सोलहवें वित्त आयोग ने पंचायतों के लिए अस्सी प्रतिशत मूल अनुदान और बीस प्रतिशत प्रदर्शन—आधारित अनुदान प्रस्तावित किए हैं। उन्होंने बताया कि सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अंतर्गत दो लाख छिहत्तर हजार ग्रामीण स्थानीय निकाय शामिल हैं। श्री सिंह ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य राज्यों को आयोग की सिफारिशों को प्रभावी ढंग से लागू करने और उन्हें प्रदर्शन—आधारित अनुदानों का अधिकतम लाभ उठाने में सक्षम बनाना था।

---

राज्य में बारह ग्रीनफील्ड सेटेलाईट टाउनशिप के विकास के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग और हाउसिंग एंड अर्बन डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड—हडको के बीच एक लाख करोड़ रूपये के दीर्घकालिक वित्त पोषण का समझौता हुआ है। पटना के संकल्प सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मौजूदगी में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। मुख्यमंत्री ने इसे राज्य के शहरी विकास के

इतिहास में एक ऐतिहासिक और मील का पत्थर साबित होने वाला कदम बताया। उन्होंने बताया कि लगभग तीन लाख एकड़ क्षेत्र में टाउनशिप विकसित किये जायेंगे और किसानों को लैंड पुलिंग के माध्यम से इस परियोजना का भागीदार बनाया जायेगा। वहीं, मुआवजे के लिए आवेदन करने वाले किसानों को तीस दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सेटेलाईट टाउनशिप में आधुनिक सड़क नेटवर्क, पेयजल, हरित क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जायेगी, जिससे लोगों को बेहतर आवास और विश्वस्तरीय शहरी जीवन उपलब्ध होगा।

---

राज्य में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए बियाडा की परियोजना समाशोधन समिति ने उनतीस नई औद्योगिक परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इन परियोजनाओं के लिए सिकंदरपुर, हथुआ, फारबिसगंज, लोहट, बरियारपुर और फतुहा समेत अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग अड़तीस एकड़ भूमि आवंटित की गयी है। समिति द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं में खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाईल, प्लास्टिक उत्पाद निर्माण, इलेक्ट्रिक वाहन समेत अन्य औद्योगिक परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से राज्य में लगभग छह हजार करोड़ रूपये का निवेश होगा। साथ ही तीन हजार लोगों के लिए रोजगार सृजित होने की भी सम्भावना है।

---

दरभंगा जिले के बहादुरपुर प्रखंड में तीन सौ पचासी एकड़ भूमि पर नए औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जाएगा। इस परियोजना के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। मद्य निषेध मंत्री मदन सहनी ने दरभंगा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र विकसित होने से निवेश को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

---

दरभंगा के रैयाम चीनी मिल को फिर से चालू करने के लिए जिलाधिकारी कौशल कुमार ने उच्चस्तरीय समीक्षा समिति का गठन किया है। इस कमिटी में केवटी के विधायक मुरारी मोहन झा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, ईंख पदाधिकारी और जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी को सदस्य बनाया गया है। यह समिति चीनी मिल को फिर से चालू कराने के उपायों का आकलन करेगी।

---

राज्य सरकार पर्यटन स्थलों पर जीविका समूहों और किसानों के उत्पादों की बिक्री के लिए आधुनिक हाट—बाजार विकसित करेगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार

ने नाबार्ड और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों पर हाट विकसित होने से ग्रामीण उत्पादों को बेहतर बाजार मिलेगा, जिससे जीविका दीदियों और किसानों की आय बढ़ेगी तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मंत्री ने अगले पांच वर्षों में प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम–से–कम एक हाट विकसित करने, उन्हें डिजिटल मार्केटिंग से जोड़ने तथा महिलाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

---

राज्य सरकार बीस जुलाई से ग्यारह सौ श्रद्धालुओं के लिए सोमनाथ यात्रा का आयोजन करेगी। सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय के कार्यक्रम सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत इस यात्रा का आयोजन किया गया है। यात्रा का शुभारंभ पाटलिपुत्रा रेलवे स्टेशन से होगा। श्रद्धालु सोमनाथ धाम के दर्शन के बाद छब्बीस जुलाई को पटना लौटेंगे।

---

श्री अमरनाथ जी यात्रा आज सुबह जम्मू कश्मीर के पहलगाम और बालटाल मार्गों से शुरू हो गई है। पूरे देश से लाखों श्रद्धालु सत्तावन दिनों की तीर्थयात्रा के दौरान पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर के दर्शन करेंगे। श्रद्धालु लगभग तीन हजार आठ सौ 88 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा में भगवान शिव का आशीर्वाद लेने और प्राकृतिक रूप से निर्मित बर्फ के शिवलिंग के दर्शन करने के लिए जाते हैं। यह यात्रा अट्ठाईस अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी।

---

श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने हावड़ा और नटेसर के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाना का निर्णय लिया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि यह विशेष ट्रेन पांच जुलाई से तीस सितम्बर तक सप्ताह में तीन दिन चलेगी। यह ट्रेन आसनसोल– जसीडीह– झाझा– किऊल– शेखपुरा– अस्थावां– बिहारशरीफ– नालंदा और राजगीर के रास्ते चलायी जायेगी।

---

मौसम विभाग ने कल राज्य के अधिकतर हिस्सों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान राज्य के उत्तर और दक्षिणी हिस्सों में कुछ जगहों पर तेज हवा के साथ वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———साउंड बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान मुंगेर सदर में सबसे अधिक बीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी।

---

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार ऐप के माध्यम से आधार में ई–मेल सीधे अपडेट की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई है। यह सुविधा एक जुलाई से छह महीने की अवधि के लिए लागू है।

---

केन्द्र सरकार ने बैट–बी.एम.एस, इपोक–आई–आयन और लॉसिगी ऐप्स को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से हटाने का आदेश दिया है। यह कदम सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए उठाया गया है। इन ऐप्स का इस्तेमाल ई–रिक्शा की बैटरी को ब्लूटूथ के जरिए दूर से बंद करने के लिए किया जा रहा था।

---

सीतामढ़ी पुलिस ने रीगा थाना क्षेत्र में ग्राहक सेवा केंद्र से हुई लूटकांड का खुलासा करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के दौरान एक अपराधी ने पुलिस पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देशी कट्टे, एक देशी पिस्तौल, दो कारतूस और लूट में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इधर, समस्तीपुर और वैशाली जिले सीमा पर स्थित बंगरा थाना क्षेत्र के बलिगांव के पास पुलिस मुठभेड़ में कुख्यात अमन कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गया है। वैशाली के पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा ने बताया कि पुलिस को देखते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। इसके जवाब में पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गयी, जिसमें अमन कुमार को पैर में गोली लगी है। उन्होंने बताया कि मौके से एक अन्य अपराधी की गिरफ्तारी की गयी है।

---

कोसी प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक कुमार आशीष ने सहरसा जिले के सलखुआ थाना में पदस्थापित दस पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। इन सभी पुलिसकर्मियों पर दलालों के माध्यम से केस प्रभावित करने का आरोप है। पुलिस उप महानिरीक्षक ने बताया कि मौके से एक दलाल को भी गिरफ्तार किया गया है।

———साउंड–बाईट———

---

भागलपुर जिले के भवानीपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच इकतीस पर एक बालू लदा हाईवा–ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झुग्गी–झोपड़ियों पर पलट गया। इस

हादसे में दो बच्चों समते तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि बारह से अधिक लोग घायल हो गये। घायलों को बेहतर इलाज के लिए जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल, मायागंज भेजा गया है। इधर, कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के भिट्टी गांव के पास ई रिक्शा पलटने से रिक्शा चालक और एक बच्ची की मौत हो गई।

---

पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर स्थित बिहार पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में दो सौ पैंसठ प्रशिक्षु महिला सिपाहियों की पासिंग आउट परेड गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। परेड के दौरान प्रशिक्षु महिला सिपाहियों ने आकर्षक मार्चपास्ट, अनुशासित कदमताल और उत्कृष्ट ड्रिल का प्रदर्शन किया। समारोह में पुलिस उपमहानिरीक्षक हरकिशोर राय और पश्चिम चंपारण के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सहित कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

---

भोजपुर जिले के जवइनिया गांव में गंगा के कटाव से प्रभावित सत्तावन परिवारों को बिलौटी गांव के पास तीन–तीन डिसमिल भूमि का आवंटन किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से अब तक कुल एक सौ सत्ताईस गंगा कटाव पीड़ित परिवारों को पुनर्वास के लिए भूमि आवंटित की जा चुकी है। इसके साथ ही चालीस पात्र परिवारों को आवास निर्माण के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त भी उपलब्ध करा दी गई है।

---

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिसौना गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक सौ पांच ग्राम मादक पदार्थ स्मैक और भारी मात्रा में शराब के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

मुंगेर मंडल कारा में बंद एक कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। प्रारंभिक जांच में कैदी द्वारा आत्महत्या की जाने की बात सामने आ रही है।

---

सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत लक्ष्मीनिया गांव में भूमि विवाद में एक युवक की हत्या कर दी गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने एनएच तीन सौ सत्ताईस–ई को जाम कर प्रदर्शन किया।

---

समस्तीपुर जिले के दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के चकलोमान गांव से पुलिस ने लूट के मामले में सात साल से फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।

---

दरभंगा में पिछले दिनों एक आभूषण दुकान से लूट के मामले में एसटीएफ की टीम ने मधुबनी जिले के पंडौल से एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक चौदह अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

---

लखीसराय जिला अपना तैंतीसवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. पंचायती राज मंत्रालय ने आज नई दिल्ली में राज्यों के पंचायती राज मंत्रियों की राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की। सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशों पर हुई चर्चा।

02. राज्य में बारह ग्रीनफील्ड सेटेलाईट टाउनशिप के विकास के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग और हडको के बीच समझौता। एक लाख करोड़ रूपये के वित्त पोषण के एमओयू पर हुये हस्ताक्षर।

03. प्रदेश में उनतीस औद्योगिक परियोजनाओं को मिली स्वीकृति। छह हजार करोड़ रूपये का होगा निवेश।

04. और, राज्य सरकार पर्यटन स्थलों पर जीविका समूहों और किसानों के उत्पादों की बिक्री के लिए आधुनिक हाट–बाजार विकसित करेगी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।